# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail :registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांकः आर0ओ0/1411 /2026–27 दिनांक 13-08-2026

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 5503/32–जी0एस0/2025, दिनांक 13.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपर्युक्त आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रतिदिन निरन्तर 15 दिवसों तक आयोजित किया जाएगा। इय यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश प्रदान किये गये है:–

01. विश्वविद्यालय/संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी/तिरंगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।
02. इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 एवं अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
03. विश्वविद्यालय/संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी अपने–अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।
04. यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियान जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोडा जाए।

अतः आपको मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 13.08.2026 की प्रति इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि आप पत्र में उल्लिखित दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियों तथा दैनिक प्रगति की सूचना विश्वविद्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे वांछित सूचना मा0 राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
13/8/26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. अध्यक्ष/संयोजक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. डॉ0 अलका तिवारी, उप निदेशक, ललित कला संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
09. विश्वविद्यालय अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
11. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

13/8/26
कुलसचिव

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 5503 /32–जी.एस. / 2025

दिनांकः 13 अगस्त, 2026

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया जी के निर्देशानुसार आपको अवगत कराना है कि समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में युवाओं के मध्य राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति एवं तिरंगे के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया जाना है।

2. यह आयोजन राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान में प्रतिदिन निरंतर 15 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस यात्रा को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु कृपया निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें :–

2.1 विश्वविद्यालय / संस्थान परिसर तथा आसपास के निर्धारित क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रभात फेरी / तिरंगा यात्रा का आयोजन समयबद्ध तरीके से किया जाए।

2.2 इस 15 दिवसीय यात्रा में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. (NCC), एन.एस.एस. (NSS) एवं अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

2.3 विश्वविद्यालय / संस्थान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी अपने–अपने परिसरों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें।

2.4 यात्रा के समय प्रतिदिन देशभक्ति गीतों, स्लोगन लेखन, भाषण एवं स्वच्छता अभियानों जैसे प्रेरक कार्यक्रमों को भी जोड़ा जाए।

3. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रतिदिन आयोजित होने वाली 15 दिवसीय यात्रा के उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स, वीडियो तथा दैनिक प्रगति की सूचना इस सचिवालय के ई–मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः आपसे अपेक्षा है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम को गरिमामय एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर करने का कष्ट करें।

भवदीय,

13/8/26

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )